Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 3923/ M-8 / 75 दिनांक : 14/07/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय– दैनिक भास्कर न्यूज मे प्रसारित समाचार "आलमचंद–हर्रायपुर में जल जीवन मिशन पाइपलाइन फटीः दर्जनों स्थानों पर रिसाव, घरों में दूषित पानी की आपूर्ति" की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 11.07.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज मे प्रसारित समाचार "आलमचंद–हर्रायपुर में जल जीवन मिशन पाइपलाइन फटीः दर्जनों स्थानों पर रिसाव, घरों में दूषित पानी की आपूर्ति" के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण की स्थलीय जॉच जूनियर इंजीनियर से करायी गयी है। जॉचोपरान्त जूनियर इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि आलमचन्द्र ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पूर्व बिछायी गयी मुख्य A.C. पाइप लाइन में लीकेज पाया गया है, चूँकि लीकेज अत्यधिक पुरानी A.C. पाइप लाइन में होने के कारण लीकेज की मरम्मत हेतु आवश्यक सामग्री एवं मैनपावर की व्यवस्था की जा रही है, 02–03 दिवस के अन्दर लीकेज मरम्मत का कार्य करा लिया जायेगा। साथ ही साथ ग्राम में क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है, जिससे दूषित पेयजल आपूर्ति होने की सम्भावना नगण्य है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner